Title: Requests the Government to reconsider the decision of banning of opium cultivation in Madhya Pradesh.

डा. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश में नीमच में स्थित नारकोटिक्स विभाग के उपायुक्त द्वारा मनमाने ढंग और दुर्भावनावश एक ऐसा आदेश निकाला गया जिससे एक लाख अफीम काश्तकारों के सामने संकट खड़ा हो गया है। उन लोगों में अशान्ति और बेचैनी फैल गई है। अफीम का यह उत्पादन ऐसा है जिससे विदेशी मुद्रा का अर्जन होगा। मेरी आशंका है कि इस आदेश के कारण विदेशी मुद्रा के अर्जन पर विपरीत असर पड़ा है। अतः मैं भारत सरकार और वित्त मंत्रालय से मांग करना चाहता हूं कि ऐसे आदेश से जिसमें खंडों के विभाजन के पुनर्निर्धारण की बात कही गई है, किसानों के सामने भंयकर संकट खड़ा होने वाला है, उस आदेश को वापस लेने की कृपा करें।